आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

हिमाचल दिवस

प्रदेश ने आज अपना 77वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जहां राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने समारोह की अध्यक्षता की और राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी, लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, सांसद प्रतिभा सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि पिछले 76 वर्षों में प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास किया है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1948 में 30 रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था। राज्यपाल ने लोगों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आहवान किया ताकि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाया जा सके। शिवप्रताप शुक्ल ने आगामी चुनावों में मतदाताओं से बढ़चढ़कर मतदान करने की अपील भी की। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें कांगड़ा, हमीरपुर, मण्डी, सिरमौर और अन्य जिलों से आय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में वर्ष 2047 तक विकसित भारत की तस्वीर झलकती है। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र तैयार करने के लिए 15 लाख से अधिक लोगों के सुझाव लिए गए हैं और इसमें एक देश एक चुनाव की बात भी की गई है जिससे चुनावों पर होने वाले भारी भरकम खर्च में कमी लाई जा सकेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने पेपर लीक जैसे मामलों में कठोर नीति बनाने की बात भी संकल्प पत्र में कही है और सौर ऊर्जा का दोहन करके हर घर को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने का जिक्र भी किया गया है। कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी राजीव भारद्वाज और धर्मशाला विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा भी इस मौके मौजूद रहे।

प्रतिभा सिंह

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा के संकल्प पत्र को चुनावी स्टंट करार देते हुए कहा कि पिछले चुनावों में भाजपा ने लोगों से जो वायदे किए थे वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी व मंहगाई को कम करने की दिशा में भाजपा ने कोई काम नहीं किया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी और शिमला लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने जिताउ प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं जबकि हमीरपुर व कांगड़ा लोकसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मंडी से कांग्रेस ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी को अपना प्रत्याशी बनाया है और इन्हें सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर टिकट दिया गया है।

अग्निकांड

ऊना जिले के मैहतपुर औद्योगिक क्षेत्र में बीती रात एक कबाड़ उद्योग में भीषण अग्निकांड से दो मंजिला ईमारत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें दो करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान आंका गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि इस अग्निकांड में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है और आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

पांगी घाटी

चंबा जिला मुख्यालय को पांगी घाटी से जोड़ने वाले साच दर्रे को लोकसभा चुनाव से पहले वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि प्रशासन ने साच दर्रे और पांगी घाटी के अन्य स्थानों पर बर्फ हटाने के लिए भारी मशीनरी तैनात की है और एक जून को होने वाले मतदान से पहले सभी मार्गों को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा ताकि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संसारी नाला पोस्ट कार्यशील है।

मौसम

राज्य के अनेक भागों में पिछले दो दिनों से अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि अन्य भागों में अंधड़ के साथ हल्की वर्षा का दौर जारी है। लाहौल स्पिति जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज भी हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज वर्षा हुई है। लाहौल स्पिति व किन्नौर सहित कई अन्य क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने आज भी कई क्षेत्रों में वर्षा, अंधड़ और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि 18 से 20 अप्रैल तक राज्य में फिर से बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है।